चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / 1786
दिनांक : 6/10/23

अनुस्मारक–01

अति आवश्यक / सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : एन0ई0पी0 के अन्तर्गत बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम0 प्रथम व तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2022 का परीक्षा परिणाम आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंकों के अभाव में घोषित न हो पाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय द्वारा एन0ई0पी0 के अन्तर्गत बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम0 प्रथम / तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2022 की सैद्धान्तिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर मूल्यांकन कराया जा चुका है। इन पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षायें ससमय सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के पैनल भी पूर्व में ही प्रेषित कर दिये गये थे।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / 1178, दिनांक 22.07.2023 द्वारा 03 दिवस के अन्दर वांछित अंक अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गयी थी किन्तु अभी तक प्रथम सेमेस्टर के 536 महाविद्यालयों / संस्थानों में से मात्र 119 तथा तृतीय सेमेस्टर के 511 महविद्यालयों / संस्थानों में से मात्र 62 महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा उक्त वांछित अंक अपलोड किये गये हैं। शेष महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा उक्त पाठ्यक्रमों की आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं। इससे महाविद्यालयों / संस्थानों का **प्रथम / तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2022** का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। इस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः ऐसे महाविद्यालयों / संस्थानों जिनके द्वारा अभी तक उक्त वांछित अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं, के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक से अनुरोध है कि **03 दिवस के अन्दर उक्त वांछित अंक अपलोड कर** अंकपर्ण की दो प्रतियां (कुलसचिव प्रति एवं टैबुलेटर प्रति) खिड़की नं0–40 में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर सज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र / रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. मैसर्स मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 एवं मैसर्स एन0आई0पी0एल0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

06.10.23

उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/1080